प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.10.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00 बजे

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले में जुब्बल कोटखाई क्षेत्र के घुंडा भड़ेच और प्रगतिनगर में तीन करोड़ 26 लाख रूपए से बनी उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करीब 32 करोड़ रूपए की पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि पब्बर नदी से 38 करोड़ रूपए की लागत वाली निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना का कार्य इस वित्त वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने घुंडा बडेच में पंचायत भवन का भी शिलान्यास किया।

नागर विमानन –उड़ान

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) ने नौ वर्षों में तीन लाख 23 हजार उड़ानों के माध्यम से एक करोड़ 56 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा प्रदान की है। राष्ट्रीय नागर विमानन नीति के तहत 21 अक्तूबर 2016 को उड़ान योजना की शुरूआत की गई थी। योजना की 9वीं वर्षगांठ के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उड़ान एक परिवर्तनकारी पहल रही है जिसका उद्देश्य आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को किफ़ायती और सुलभ बनाना है।

शोक

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने 13वीं डोगरा रेजिमेंट में फैजाबाद में तैनात 40 वर्षीय नायक सुशील कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। सुशील कुमार सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पन्याला गांव के निवासी थे। उन्होंने कहा कि शोक संतप्त परिजनों को राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

अन्नकूट

कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में अन्नकूट पर्व आज श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। ये पर्व दीपावली का त्यौहार सम्पंन होने के बाद मनाया जाता है। अन्य स्थानों पर इस पर्व को जहां गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है वहीं कुल्लू में इसे अन्नकूट पर्व के रूप में मनाने की परंपरा है। आज के दिन नई फसल को भगवान रघुनाथ जी को चढ़ाया जाता है। भगवान रघुनाथ जी के छड़ी बरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि इस परंपरा को निभाने के बाद नई फसल के चावलों को भोग के रूप में मंदिर में वितरित किया गया।

फ्लाइंग फैस्टिवल

शिमला के समीप जुन्गा में तीसरा पैराग्लाईडिंग फ्लांइग फैस्टिवल 25 से 28 अक्तूबर तक आयोजित होगा। इस फैस्टिवल में विभिन्न देशों के पैराग्लाईडर भाग लेंगे, जिनमें 15 विदेशी और 70 भारतीय पैराग्लाईडर शामिल हैं। फ्लाईंग फैस्टिवल के निदेशक अरूण रावत ने आज शिमला में पत्रकार सम्मेलन में बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में साहसिक खेलों का बढ़ावा देना और पर्यटकों को आकर्षित करना है।

शिमला फ्लाइंग फैस्टिवल के दौरान प्रदेश के पारंपरिक उत्पदों व व्यंजनों की बिक्री और प्रदर्शनी के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

भारत–नवीकरणीय ऊर्जा

देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह वर्ष 2014 के 35 गीगावाट की तुलना में पांच गुणा से अधिक बढ़कर एक सौ 97 गीगावाट हो गई है। बड़े जल विद्युत प्रतिष्ठानों से उत्पादित बिजली इसके अतिरिक्त है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने वर्ष

2030 तक पांच सौ गीगावाट गैर–जीवाश्मय ऊर्जा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। मंत्रालय ने कहा कि भारत की नवीकरणीय ऊर्जा वृद्धि दर विश्व की सबसे तेज दरों में है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई भागों में आज बादल छाये हुए हैं। बीती रात प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हुए हल्के हिमपात व कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश से तापमान में गिरावट के चलते सुबह शाम ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर हिमपात और कुछ जिलों में हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अक्तूबर को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 27वीं कड़ी होगी। लोग अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य–शून्य–एक–एक–सात आठ शून्य–शून्य पर साझा कर सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप और माई जी ओ वी ओपन फोरम के माध्यम से ऑन लाइन सुझाव दिये जा सकते हैं। कार्यक्रम के लिए सुझाव 24 अक्तूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

..........................................................................................................